केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
श्री रणवीर परिसर, कोट-भलवाल,जम्मू-181122

के.सं.वि.श्री.र.प.ज/18011/2020-21/ 1571

दिनांक : 04.03.2021

## कार्यालय आदेश

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार शास्त्री प्रथम तृतीय पंचम एवं आचार्य प्रथम तृतीय सत्रार्द्ध परीक्षाओं का आयोजन परिसर वेबसाईट पर उपलब्ध समयसारणी के अनुसार दिनांक 15.03.2021 से 08.04.2021 तक अधोलिखित रूप से किया जायेगा -

1. सभी सत्रार्द्ध परीक्षाएं **ओपन बुक एग्जामिनेशन** के माध्यम से ली जायेंगी।
2. शास्त्री एवं आचार्य के परीक्षार्थी दिनांक 10 मार्च 2021 तक अपने विषय अध्यापक से व्हाट्सअप ग्रुप पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवा लें। सभी परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से ही प्रेषित किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पारी<br>परीक्षा का समय 10:00 से 01:00 बजे तक | प्रश्न पत्र प्रेषित करने का समय<br>प्रातः 09:35 | उत्तर पुस्तिका जमा करवाने का समय<br>अपराह्न 02:00 बजे तक |
| द्वितीय पारी<br>परीक्षा का समय 02:00 से 05:00 बजे तक | प्रश्न पत्र प्रेषित करने का समय<br>अपराह्न 01:35 | उत्तर पुस्तिका जमा करवाने का समय<br>अपराह्न 06:00 बजे तक |

3. शास्त्री एवं आचार्य के परीक्षार्थी प्रश्न पत्र का मोबाईल में डाउनलोड़ करके या प्रिंट लेकर A4 Size पेपर में उत्तर लिखेंगे।
4. सभी परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के ऊपर निर्धारित परिसर द्वारा प्रेषित अपना परीक्षा अनुक्रमांक, कक्षा का नाम, प्रश्नपत्र संख्या, कोड़, परीक्षा का दिनांक एवं अपने हस्ताक्षर का उल्लेख करना अनिवार्य है। उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ के उपर पृष्ठ संख्या ड़ालना भी अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थी द्वारा स्वयं के हस्तलेख में ही उत्तर लिखना अनिवार्य है। स्वलिखित उत्तरपुस्तिका न होने पर परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त करके उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
6. परीक्षा में केवल **नीले रंग के बाल पेन** (Blue Pen) का प्रयोग ही करना है। पश्न पत्र के उत्तर क्रमानुसार ही लिखें।
7. परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों को क्रमशः ही स्केन (Scan) करें तथा PDF फार्मेट में निम्नलिखित अपनी कक्षा की **ई-मेल आईडी** पर ही प्रेषित करें।

| | |
|---|---|
| शास्त्री प्रथम सत्रार्द्ध | shastri1st21@gmail.com |
| शास्त्री तृतीय सत्रार्द्ध | shastri2nd21@gmail.com |
| शास्त्री पंचम सत्रार्द्ध | shastri3rd21@gmail.com |
| आचार्य प्रथम सत्रार्द्ध | acharya1st21@gmail.com |
| आचार्य तृतीय सत्रार्द्ध | acharya2nd21@gmail.com |

8. परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में आचार्य कक्षाओं के परीक्षार्थी प्रो. प्रभात कुमार महापात्र, मोबाईल संख्या 9419260757 एवं 7889546287 पर सम्पर्क कर सकते हैं। शास्त्री कक्षाओं के परीक्षार्थी श्री विशाल महाजन, मोबाईल संख्या 7006514612 तथा डॉ. योगेन्द्र दीक्षित, मोबाईल संख्या 9797597318 पर सम्पर्क कर सकते है।
9. **उल्लिखित समयावधि में उत्तरपुस्तिका प्रेषित न करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की ही होगी।**

**(प्रो. मदन मोहन झा)**
**निदेशक**

प्रतिलिपिः-

1. सभी प्राध्यापकों को सूचनार्थ।
2. सूचनापट्ट।
3. वेबसाईट प्रभारी

**(प्रो. मदन मोहन झा)**
**निदेशक**